**सीबीएसई/डायरे.(अकेड)/2021** **10 सितम्बर 2021**

**परिपत्र सं.-अकेड-80/2021**

**सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुख**

**विषय: जीवन कौशल, स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम में किशोर समकक्ष शिक्षकों का नेतृत्व**

प्रिय प्रधानाचार्य,

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अपने छात्रों को इंटरैक्टिव, सहभागी और अभिनव सीखने के अनुभव प्रदान करने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। एनईपी 2020 की परिकल्पना के अनुरूप, आधुनिक शिक्षा में हितधारकों के रूप में छात्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है। परिवर्तन निर्माताओं के रूप में छात्रों की आवाज और राय को भविष्य की प्रगतिशील दुनिया के लिए सुगम बनाना है।

मुख्य जीवन कौशल विकसित करने से लेकर 21वीं सदी के कौशल को अलंकृत करने की यात्रा तक, स्कूली शिक्षा के वर्षों को छात्रों के लचीलेपन, मानसिक कल्याण और बहुमुखी व्यक्तित्व के निर्माण में मदद करनी चाहिए। जीवन कौशल शिक्षा प्रतिमान देश के जागरूक, जिम्मेदार और सशक्त नागरिकों को विकसित करने में मदद करता है।

कोविड-19 महामारी ने पूरे देश में बच्चों और किशोरों के मनोसामाजिक कल्याण को प्रभावित किया है। युवा मस्तिष्कों और परिवारों को प्रभावित करने में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को एक बड़ा **वर्णक्रम** (स्पेक्ट्रम) बताया गया है और व्यापक पहुंच के साथ इन मुद्दों पर ध्यान देने और समर्थन करने के लिए कदम उठाए जाने होंगे।

ऐसी परिस्थिति में छात्र 'जीवन कौशल और कल्याण राजदूत' के रूप में समावेशी वातावरण को मजबूत बनाने के लिए व्यवहार परिवर्तन और अनुकूलन के लिए एक सहभागी माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

सीबीएसई ने अब एक्सप्रेशन्स इंडिया के सहयोग से अपने छात्रों के **जीवन कौशल, समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को समृद्ध करने के लिए किशोर समकक्ष शिक्षक नेतृत्व कार्यक्रम** प्रारंभ करने और प्रोत्साहित करने की योजना बनाई है। शारीरिक, मानसिक और पारस्परिक विकास के वैचारिक रुपरेखा के साथ, अभिविन्यास कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के माध्यम से इस पहल के कार्यान्वयन के प्रथम चरण को आगे बढ़ाने के लिए कुछ व्यापक विषयों की पहचान की गई है।

**अभिविन्यास कार्यक्रमों के विषय**

आरंभिक अभिविन्यास कार्यक्रम श्रृंखला को चार मॉड्यूलों के साथ कार्यान्वित किया जाएगा जिसमें आठ विषय सम्मिलित हैं, जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है:

1. परिचय - मुख्य जीवन कौशल से 21वीं सदी के कौशल तक का सफर
2. प्रतिद्वंद्विता और क्षमता निर्माण के लिए लचीलापन बनाना
3. स्वस्थ्य रहना, पोषण और स्वच्छता का महत्व
4. पारिवारिक संबंध और देखभाल संचार-उभरते प्रतिमान
5. भावनाओं की स्वस्थ अभिव्यक्ति, क्रोध, हानि और उदासी से निपटना
6. स्वस्थ पारस्परिक संबंध विकसित करना-सहकर्मी समर्थन जुटाना
7. डिजिटल दुनिया के लिए स्वयं को सशक्त बनाना और संबद्ध उच्च जोखिम वाले व्यवहारों की रोकथाम
8. प्रभावी करियर विकल्प बनाना-जीवन कौशल दृष्टिकोण को एकीकृत करना

पीयर एजुकेटर लीडरशिप प्रोग्राम के तहत विभिन्न विषयों के संबंध में अध्ययन सामग्री का एक संग्रह स्कूलों के संदर्भ के लिए ऑनलाइन तैयार किया जाएगा।

**कार्यक्रम का उद्देश्य**

कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूलों में जीवन कौशल शिक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए स्कूल द्वारा नामित स्कूल परामर्शदाताओं/1-2 नोडल शिक्षकों के साथ वरिष्ठ छात्रों (समकक्ष शिक्षकों) की क्षमता का निर्माण करना है। ये प्रशिक्षित हितधारक **स्कूल के मास्टर ट्रेनर समूह** के रूप में कार्य करेंगे जो आगे अपने स्वयं के स्कूल और अन्य साथ के स्कूलों में बाकी हितधारकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रमों की व्यवस्था करेंगे।

इस कार्यक्रम की परिकल्पना धीरे-धीरे एक आत्मनिर्भर मॉडल के रूप में विकसित करने और अन्य पड़ोसी स्कूलों के साथ युवा आवाज़ों और उनकी राय को एक साथ लाने के लिए की गई है।

**प्रति अभिविन्यास कार्यक्रम स्कूलों की संख्या**

प्रति अभिविन्यास कार्यक्रम में लगभग 50 स्कूलों का नामांकन किया जाएगा। इन अभिविन्यास कार्यक्रमों की अनुसूची के अनुसार संबंधित स्कूलों को सूचित किया जाएगा। भाग लेने वाले छात्रों और शिक्षकों को भागीदारी का प्रमाण पत्र (ई-प्रमाण पत्र) प्रदान किया जाएगा।

**समकक्ष शिक्षकों का नामांकन**

- व्यापक अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्कूल चार वरिष्ठ छात्रों (पीयर एजुकेटर्स)- कक्षा IX और XI से प्रत्येक में से दो को नामांकित करेगा।
- 4 समकक्ष शिक्षकों की सहायता के लिए एक शिक्षक और स्कूल काउंसलर/वेलनेस टीचर

को भी नामित करेंगे।

प्रतिनिधि समकक्ष शिक्षक टीम को नामित करते समय, कृपया सुनिश्चित करें कि टीम के सभी सदस्यों के पास निम्नलिखित हैं:

1. टीम वर्क के लिए उत्साह और प्रतिबद्धता
2. साथियों के लिए अच्छा संचार कौशल और सहानुभूति
3. दूसरों के लिए उपयुक्त व्यवहार का मॉडल और नेतृत्व करने की क्षमता
4. स्वास्थ्य और जनकल्याण के मुद्दों के प्रति ज्ञान और संवेदनशीलता के लिए उत्साह

**पंजीकरण कैसे करें**

1. भाग लेने के इच्छुक स्कूल https://forms.gle/htSoRWqNweUJPcuo8 लिंक पर उपलब्ध ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भर सकते हैं।
2. पंजीकरण फॉर्म के साथ **जीवन कौशल, समग्र स्वास्थ्य और कल्याण** को बढ़ावा देने के लिए स्कूल द्वारा की जा रही ऑनलाइन गतिविधियों का एक संक्षिप्त नोट (400 शब्द) भी प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
3. ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 सितंबर, 2021 है। केवल ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म ही स्वीकार्य होंगे।

स्कूल प्रमुखों से अनुरोध है कि वे स्कूलों में जीवन कौशल शिक्षा प्रतिमान का एक सतत वातावरण बनाने के लिए छात्रों, शिक्षकों और परामर्शदाताओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करें।
अधिक जानकारी के लिए, कृपया peerlifeskills@gmail.com पर मेल करें

**डॉ. जोसफ इमानुवल**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

नीचे उल्लिखित सभी निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सभी विद्यालयों को सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ प्रति।

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18-संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, सेक्टर -62, इंस्टीटूशनल एरिया, नोएडा-201309
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली -110 054
4. लोक निर्देश निदेशक (विद्यालय), संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ-160017
5. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
6. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791 111

7. शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर - 744101
8. शिक्षा निदेशक, एस.आई.ई., सीबीएसई प्रकोष्ठ, वीआईपी रोड, जंगल घाट, पी.ओ. 744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
9. निदेशक, केंद्रीय तिब्बतन स्कूल प्रशासन, ईएसएस ईएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 3, रोहिणी
10. सैन्य शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली -110001
11. सचिव एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (ए पी एस के पास), दिल्ली कैंट -110010
12. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक / क्षेत्रीय अधिकारी इस परिपत्र को अपने-अपने क्षेत्रों के बोर्ड के संबद्ध स्कूलों के प्रमुखों को भेजने के अनुरोध के साथ।
13. सभी संयुक्त सचिव / उप सचिव / सहायक सचिव / विश्लेषक, सीबीएसई
14. सभी प्रमुखों/ प्रभारियों, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
15. प्रभारी आईटी एकक को सीबीएसई शैक्षणिक वेबसाइट पर इस परिपत्र को उपलब्ध कराने के अनुरोध के साथ
16. प्रभारी, पुस्तकालय
17. प्रमुख (मीडिया और जन संपर्क), सीबीएसई
18. अध्यक्ष, सीबीएसई के उप सचिव
19. सचिव, सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
20. निदेशक (शैक्षणिक), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
21. निदेशक (सूचना प्रद्योगिकी), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
22. परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
23. निदेशक (कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
24. निदेशक (व्यावसायिक परीक्षा), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
25. निदेशक (सीटीईटी), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
26. निदेशक (एडुसेट), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
27. रिकॉर्ड मिसिल

**निदेशक (शैक्षणिक)**

**नोट : हिंदी परिपत्र में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अंग्रेजी परिपत्र को अंतिम माना जाए।**